एक नजर में

सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई

धौरहरा। इंदपाल छेद्दूलाल पब्लिक स्कूल अदलिसपुर में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र कुमार वर्मा और प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने मां सरस्वती एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्षों और देश की 562 से अधिक रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित गीत और भाषण प्रस्तुत किए। प्रबंधक राजेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

सी.जी.एन.पी.जी कॉलेज मे एक दिवसीय रोजगार मेला

गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय सी.जी.एन. (पी.जी.) कॉलेज के नेहरू प्रांगण मे शनिवार को सरदार पटेल जी की जयंती के पावन अवसर पर जिला सेवा योजन कार्यालय लखीमपुर खीरी द्वारा एक दिवसीय विधानसभा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि धर्मेन्द गिरि उर्फ मोंटी, ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा, उपजिलाधिकारी युगान्तर त्रिपाठी ,विशिष्ट अतिथि लखनऊ से पधारे अपर गन्ना आयुक्त वी.बी. सिंह, संयुक्त गन्ना आयुक्त दिनेश्वर मिश्र, लखीमपुर खीरी के जिलागन्नाधिकारी जितेन्द्र मिश्र एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह एवं जिला सेवा योजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ल एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी साक्षी डागुर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि वी.बी. सिंह जी ने वाधवानी फाउण्डेशन के अन्तर्गत छात्रछात्राओं को रजिस्ट्रेशन करने हेतु प्रेरित किया ताकि तकनीकी कौशल प्राप्त कर बच्चे अच्छे पैकेज वाले रोजगार प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रमरोजगार मेले के सूत्रधार जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ल की भी सराहना की कि वे निरन्तर ऐसे आयोजन करते रहें। इस रोजगार मेले मे कुल 19 निजी कम्पनियों ने प्रतिभाग किया यथा ब्लिंकिट वेयर हाउस, बी.के.टी. टायर्स, टाटा इलेक्ट्रानिक्स, द गोल इण्डिया आदि। जिसमें 404 छात्रछात्राओं को शार्टलिस्टेड किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, छात्रछात्रा मीडिया कर्मी एवं गोला के सम्मानित नागरिक भी उपस्थित रहे।

कारखाने के पास गन्ने की खोई में लगी भीषण आग

निघासन-खीरी। कस्बे में गुड़ व्यापारी हरप्रीत सिंह के कारखाने के पास रखी गन्ने की खोई में अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कारखाना मालिक हरप्रीत सिंह किसी आवश्यक कार्य से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान कारखाने के पास रखी गन्ने की खोई में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम अग्निशमन वाहन के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास फैलने से रोक लिया गया। गनीमत रही कि आगजनी की इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसएसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना और खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। डीएम-एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। समय-समय पर कारागार मे निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहें। डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया।

उल्ल नदी से अमित का शव बरामद

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम त्रिकौलिया निवासी अमित कुमार की तलाश के बाद शनिवार को चार घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद एनडीआरएफकी टीम ने उफनती उल्ल नदी से अमित का शव बरामद कर लिया। इस खबर के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। अमित कुमार करवा चौथ की पूजा के बाद बाइक से घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे कि शुक्रवार सुबह रामापुर-अमकोटवा मार्ग स्थित रपटा पुल पर उसकी बाइक लावारिस हालत में मिली। बाइक मिलने के बाद से ही किसी अनहोनी की आशंका गहराने लगी। शनिवार सुबह एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और उल्ल नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब चार घंटे की तलाश के बाद अमित का शव बरामद हुआ। फिलहाल शव बरामद होने के बाद अब सभी की निगाहें पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं।

सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

उन्नाव। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने की। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उन्हें नमन किया।

डीएम ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। बारडोली की महिलाओं ने उनके संघर्ष और नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्हें श्सरदारश् की उपाधि दी थी। उन्होंने कहा कि विविधताओं के बावजूद देश की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सभी अधिकारी-कर्मचारी सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने में योगदान दें। सरकारी सेवक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें।

अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड ने भी सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए जनहित के कार्यों का समयबद्ध निस्तारण करने की अपील की। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी पुष्कर सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बाढ़ से कटी सड़क के पास गंगा में गिरी कार, युवक लापता

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर हिंदूपुर गांव के पास शुक्रवार शाम बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क के किनारे एक कार अनियंत्रित होकर गंगा में जा गिरी। कार सवार दो युवकों में एक ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि दूसरा युवक कार समेत गहरे पानी में समा गया। हादसे के करीब 23 घंटे बाद भी लापता युवक का सुराग नहीं लग सका। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीमें तलाश में जुटी रहीं। सफीपुर क्षेत्र के देवगांव निवासी विजय कुमार गौड़ उर्फपप्पू का 26 वर्षीय पुत्र तरुष गौड़ अपने साथी विजय शंकर निवासी हिलौली (मौरावां) के साथ शुक्रवार शाम शिवराजपुर जाने के लिए निकला था। तरुष की सफीपुर में जूते-चप्पलों की दुकान है। वह एक व्यापारी को जूतों के सैंपल दिखाने जा रहा था। शाम करीब सात बजे हिंदूपुर गांव के आगे उनकी कार गंगा में गिर गई। विजय शंकर किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन तरुष लापता हो गया। – **डेढ़ साल से क्षतिग्रस्त है मार्ग**गंगा की बाढ़ और कटान से करीब डेढ़ साल पहले मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। सड़क का आधा किलोमीटर से अधिक हिस्सा गंगा में समा चुका है। प्रशासन ने आवागमन प्रतिबंधित कर पुलिस की ड्यूटी भी लगा रखी है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार, एसडीएम बांगरमऊ ब्रज मोहन शुक्ला और तहसीलदार अखिलेश कुमार मौर्य मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। तरुष के पिता ने बताया कि बेटा परिवार का इकलौता चिराग है। वह स्वयं कैंसर से पीड़ित हैं और उपचार करा रहे हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है। परिजन घटनास्थल पर बेटे के मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

ओवरटेक के दौरान नाले में गिरी कार, युवक की मौत

दही, उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही थाना क्षेत्र के वर्कशॉप मोड़ के पास शनिवार भोर में ओवरटेक करते समय अनियंत्रित कार पलटकर नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार पांच युवक घायल हो गए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

किसान की मौत

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बछौरा गांव में शनिवार दोपहर मवेशी खोलते समय कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबकर किसान सुरेश (45) की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।सुरेश के घर के सामने कच्ची दीवार पर रखे छप्पर के नीचे मवेशी बंधे थे। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे वह मवेशी खोलने पहुंचे थे, तभी अचानक दीवार उनके ऊपर गिर गई। आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे मलबे से निकालकर उन्हें सीएचसी नवाबगंज ले गए।

वीरेंद्र शुक्ला बने जिला उपाध्यक्ष, उमालाल को मिली विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

शुक्लागंज, उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष जय चंद्र विमल ने दो पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

राजधानी मार्ग सब्जी मंडी निवासी वरिष्ठ सपा नेता वीरेंद्र शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष और सीताराम कॉलोनी निवासी उमालाल यादव को उन्नाव सदर विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है।

नियुक्ति की खबर मिलते ही शनिवार को सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला का फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

हनुमान मंदिर गेट का छज्जा गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर शहर के सदर चौराहे पर प्रचीन हनुमान मंदिर गेट का छज्जा गिरने से मन्दिर के नीचे खड़े वाहन क्षतिगस्त हो गये। वाहनों के पास खड़ी एक किशोरी घायल हो गई। शनिवार को सदर चौराहे पर स्थित हनुमान मन्दिर गेट का छज्जा गिरने से मलबे के नीचे दबने से नीचे खड़े वाहन क्षतिगस्त हो गये। जानकारी होने पर पास में बनी कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से राहत पहुंचाई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

वुमेन्स सोसायटी ऑफगोला ने करवाचौथ का कार्यक्रम किया

गोला गोकर्णनाथ खीरी। करवाचौथ के पावन अवसर पर वुमेन्स सोसायटी ऑफ गोला द्वारा एक रेस्टोरेंट के सभागार में करवाचौथ स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रमिला गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सोसायटी की सदस्यों ने मुख्य अतिथि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में करवाचौथ पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

करवाचौथ क्वीन के लिए प्रतियोगिता में शिवानी गुप्ता को विजेता घोषित कर उन्हें ताज व सम्मान उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। करवाचौथ से संबंधित विभिन्न गेम कराए गए, जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार वितरित किए गए। महिलाओं के लिए साजन थीम पर रील्स प्रतियोगिता में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूजा गुप्ता ने लोटा-छलनी सहित पारंपरिक सामग्री प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शशि राजपूत ने खेल प्रतियोगिता में जीत दर्ज की, वहीं शशि राजपूत की बहू ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर करवाचौथ की बधाई दी। इस मौके पर महामंत्री अंशु आनंद कौशल्या, प्रिया केडिया, मंत्री गीता मसीन और सदस्यों में आदर्श शुक्ला, नीतू गुप्ता, निक्की गुप्ता, गगन कौशल, पूजा गुप्ता, सोनी गुप्ता, आशा गुप्ता, श्वेता, मीनू गुप्ता, रश्मि सहा, रजनी गुप्ता आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशु अमर का विशेष योगदान रहा।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर दंपती को पीटा

मियांगंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के बुढ़ानपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर दंपती की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। मारपीट में पति गंभीर रूप से घायल हो गया।मियांगंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव निवासी पिंकी पत्नी दुर्गेश ने पुलिस को दी पुरानी रंजिश को लेकर वीरपाल,पुत्र वीरेंद्र और विनोद ने दरवाजे पर आकर उनके पति दुर्गेश को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। पिंकी को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दुर्गेश के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

विद्यालयों में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

उन्नाव। लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती जनपद के परिषदीय विद्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।

विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के प्राथमिक विद्यालय पिपरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर एकता का संदेश दिया। इसके बाद विद्यालय परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एकता की शपथ ली। प्रधान शिक्षिका नीरजा पाल ने सरदार पटेल के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षा मित्र अनूप मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल का दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को उनके विचारों और आदर्शों से परिचित कराना है।

एक नजर में

चकरोड पर कब्जे से ग्रामीणों की आवाजाही बाधित

पुरवा, उन्नाव। मौरावां क्षेत्र के चंदीपुर मजरे खेरवा गांव में सरकारी अभिलेखों में दर्ज चकरोड को काटकर खेतों में मिलाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इससे घरों और खेतों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम से चकरोड बहाल कराने की मांग की है।

ग्रामीण दिनेश और रामबाबू के मुताबिक, उनके घरों और खेतों तक आने-जाने के लिए चकमार्ग संख्या 121 और 127 दर्ज हैं। आरोप है कि गांव के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने चकरोड काटकर अपने खेतों में मिला लिया है। कुछ लोगों के खिलाफबेदखली का मुकदमा होने के बावजूद चकरोड बहाल नहीं किया गया। रास्ता बंद होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं, बारिश के दिनों में जलनिकासी बाधित होने से घरों में पानी भर जाता है। विनोद, महेश और दुर्योधन समेत अन्य ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह से चकरोड खाली कराकर बहाल कराने की मांग की। एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बारिश और तेज हवा से धान की फसल बर्बाद, किसान चिंतित

पुरवा, उन्नाव। बीते दो दिनों से तेज हवा के साथ हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में लहलहा रही धान की तैयार फसल गिरकर बर्बाद हो गई। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।तहसील क्षेत्र में बारिश और तेज हवाओं के चलते धान की फसल खेतों में बिछ गई। किसानों का कहना है कि इस बार फसल तैयार करने में महंगे डीजल, खाद और दवाओं पर हजारों रुपये खर्च किए थे। शुक्रवार को हुई बारिश ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। वृद्ध किसान सोहनलाल ने बताया कि कम बारिश और नहर से सिंचाई नहीं मिलने के कारण महंगे डीजल से खेतों की सिंचाई करनी पड़ी थी। वहीं, युवा किसान विक्रम सिंह ने बताया कि इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन बारिश ने फसल चौपट कर दी। लघु सीमांत किसान नन्चू पाल को फसल से कर्ज चुकाने की उम्मीद थी, जो अब टूटती नजर आ रही है। किसान रामा ने भी फसल बर्बाद होने पर चिंता जताई। किसानों ने प्रशासन से फसल के नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

साइबर ठगी के दो पीड़ितों को लौटाए 28,446 रुपये

उन्नाव। साइबर ठगी के दो मामलों में कोतवाली सदर की साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए पीड़ितों के कुल 28,446 रुपये वापस कराए। 31 अक्टूबर को दोनों पीड़ितों की रकम उनके बैंक खातों में वापस पहुंचाई गई। अजरैलखेड़ा निवासी पंकज कुमार को टेलीग्राम के जरिए निवेश पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर जालसाजों ने 13,946 रुपये ठग लिए थे। वहीं, दूसरे मामले में ठग ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अश्लील वीडियो देखने का आरोप लगाया और कार्रवाई का डर दिखाकर 14,500 रुपये हड़प लिए थे। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर साइबर टीम ने कार्रवाई कर पूरी रकम वापस कराई। टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र, मो. नईम खान, सोनिया शर्मा और ऐलिस श्रीवास शामिल रहे।

चार पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

उन्नाव। पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को अधिवर्षता आयु पूरी कर सेवानिवृत्त हुए चार पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह ने उपनिरीक्षक अनिल कुमार, नरेश चंद्र यादव, सुबोध कुमार और समरपाल सिंह यादव को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीओ सिटी ने पुलिस सेवा के दौरान उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय तक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ विभाग को सेवाएं देना गौरव की बात है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन सचिन राय सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

नशीला पदार्थ सुंघाकर जेवर उड़ाने वाले पांच टप्पेबाज गिरफ्तार

बांगरमऊ, उन्नाव। महिलाओं को बातों में फंसाकर नशीला पदार्थ सुंघाने और उनके जेवरात पार करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब साढ़े पांच लाख रुपये कीमत के 40 ग्राम सोने के जेवरात बरामद हुए हैं।पुलिस के अनुसार, शनिवार को मुखबिर की सूचना और सर्विलांस की मदद से बिल्हौर मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरोह ने 18 अक्टूबर को छोटी जमुनिहा निवासी छेदाना उर्फ कुसमा को निशाना बनाया था। आरोपियों ने महिला को बातों में उलझाकर नशीला पदार्थ सुंघाया और उसकी तीन अंगूठियां, सोने की चेन व पेंडल पार कर दिए थे। पूछताछ में आरोपियों ने उन्नाव शहर और फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ में भी ऐसी वारदातें करना स्वीकार किया। गिरोह में एक महिला सदस्य को शामिल रखा जाता था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस के मुताबिक गिरोह उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड में भी सक्रिय था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरीश उर्फकालिया, रवि राठौर, प्रेम राठौर, प्रेम सोलंकी और देवी उर्फगुड़िया के रूप में हुई है।

धान काट रहे किसान को लाठी-डंडों से पीटा

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कौआगढ़ी गांव में खेत में धान काट रहे किसान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। मारपीट में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी किसान छेदी के मुताबिक, 25 अक्टूबर को वह अपने खेत में धान की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। मारपीट में किसान के शरीर पर काफी चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मौसम बदलते ही सीएचसी में मरीजों की भीड़

बिछिया, उन्नाव। मौसम में बदलाव और बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना डेढ़ सैकड़ा से अधिक नए मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें वायरल फीवर, सर्दी, खांसी और जुकाम के मरीजों की संख्या अधिक है।मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते लोग लगातार बीमार पड़ रहे हैं। इसके चलते सीएचसी में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। प्रभारी अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण लोगों में वायरल फीवर, सर्दी और खांसी के लक्षण सामने आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि बुखार आने पर लापरवाही न बरतें और चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराएं। साथ ही जरूरी सावधानियां और परहेज करें।

कवि सम्मेलन में कविताओं से याद किए गए सरदार पटेल

बीघापुर, उन्नाव। स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर मोहकमगंज स्थित पटेल चौराहे पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाजसेवियों, राजनेताओं और साहित्यकारों ने सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। दोपहर बाद आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उनके योगदान को याद किया। वरिष्ठ साहित्यकार अनुज तिवारी, मनोज कुमार सरल, डॉ. शिवपाल सिंह नीरज, डॉ. ललित देशप्रेमी और शिवलोचन सरस ने काव्य पाठ किया। डॉ. अयोध्या प्रसाद सुमन, रोशनलाल यादव और चंद्रकांत बाजपेयी ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र योगी ने किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

उन्नाव। मॉर्निंग वॉक पर निकले वृद्ध को कानपुर-लखनऊ हाईवे पर नवीन मंडी के सामने अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव की हालत देख राहगीर सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।अचलगंज थाना क्षेत्र के पड़री कला गांव निवासी बसीर अहमद (65) वर्तमान में सदर कोतवाली क्षेत्र के अनवार नगर मोहल्ले में बेटों के साथ रहते थे। वह रोज की तरह सुबह करीब छह बजे पैदल टहलने निकले थे। नवीन मंडी के सामने लखनऊ की ओर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया। बेटे रईस अहमद की सूचना पर पुलिस पहुंची और पोस्टमार्टम कराया।

एक घंटे की देरी से रवाना हुई एलकेएम, यात्री परेशान

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एलकेएम ट्रेन की देरी से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। मगरवारा, उन्नाव, अजगैन, हरौनी, कुसुम्भी, जैतीपुर और लखनऊ जाने वाले यात्री घंटों स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते रहे।दोपहर 12:30 बजे रवाना होने वाली एलकेएम ट्रेन करीब एक घंटे की देरी से दोपहर 1:27 बजे गंगाघाट स्टेशन से रवाना हुई।